Title : Need to make available adequate quantity of DAP to farmers in Rajasthan-Laid

**श्री राहुल कस्वां (चुरू) :** देश में इस समय रबी फसल की बुवाई शुरू हो चुकी हैं व देश भर में किसानों को इस समय भारी मात्रा में DAP की आवश्यकता हैं, जिसके कारण राजस्थान के किसानों के द्वारा DAP की काफी मांग की जा रही हैं, लेकिन मांग के अनुरूप पिछले अक्टूबर महीने से ही DAP उपलब्ध नही हो पा रही हैं । जिसकी वजह से पूरे क्षेत्र में DAP की काफी ज्यादा किल्लत चल रही है । मेरे लोकसभा क्षेत्र चूरु में 12 हजार टन DAP की मांग विभाग द्वारा राज्य सरकार को भिजवाई गई थी लेकिन उसके एवज में 6 हजार टन DAP ही उपलब्ध करवाई गई हैं । भारत सरकार के द्वारा प्रचुर मात्रा में DAP राज्य सरकार को उपलब्ध करवाए जाने के बावजूद भी राज्य सरकार द्वारा कृत्रिम कमी बताते हुए किसानों को उचित मात्रा में DAP उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं जिसके कारण चूरु लोकसभा क्षेत्र सहित राज्य के किसानो में रोष व्याप्त हैं, और जगह जगह धरने प्रदर्शन आदि किये जा रहे हैं । मेरा सरकार से अनुरोध हैं कि राजस्थान राज्य सरकार को निर्देशित करते हुए राज्य के किसानों को उचित मात्रा में DAP उपलब्ध करवाई जावे ताकि रबी फसल की बुवाई की जा सकें।